# मध्यप्रदेश विधान सभा

## जून-जुलाई, 2004 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## गुरुवार, दिनांक 22 जुलाई, 2004 (आषाढ़ 31, 1926)

## समय 10.30 बजे दिन

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री अनूप मिश्रा, स्कूल शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश पाठयपुस्तक निगम विनियम, 1974 के नियम-48 की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश पाठयपुस्तक निगम का वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वर्ष 2002-2003 पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री रामलखन शर्मा, सदस्य, रीवा जिले के पनवार, डभौरा थाना क्षेत्र में अपहरण की घटनाएं घटित होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री ओमप्रकाश खटीक, सदस्य, शिवपुरी जिले के कोलारस क्षेत्र में विद्युत प्रदाय बंद होने से उत्पन्न स्थिति की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 4. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

श्री मधुकर हर्णे, सभापति, गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का चतुर्थ प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे -

"सदन गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के चतुर्थ प्रतिवेदन से सहमत है."

### 5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री छोटेलाल सरावगी (खुद्दी भैया), सदस्य, शहडोल जिले के -

(क) ग्राम खैरहा स्थित हाई स्कूल का उन्नयन कराये जाने,
(ख) नन्दना-खितौली मार्ग पर पुल बनाये जाने, तथा
(ग) ग्राम धुरवार स्थित हाई स्कूल का उन्नयन कराये जाने,

(2) श्री रविन्द्र सुका महाजन, सदस्य, बुरहानपुर जिले के -

(क) ग्राम जैनाबाद में कन्या हाई स्कूल खोले जाने,
(ख) ग्राम पिपरी से बड़सीधी फाटा तक सड़क बनाये जाने,
(ग) ग्राम फोफनार से बोदरली फाटा तक सड़क बनाये जाने,
(घ) ग्राम जैनाबाद एवं बुरहानपुर के बीच ताप्ती नदी पर रपटा बनाये जाने,
(ड.) ग्राम मोहनगढ़ से शेखपुरा तक सड़क बनाये जाने,
(च) ग्राम इच्छापुर में हायर सेकेन्डरी स्कूल खोले जाने, तथा
(छ) ग्राम बारोली बोटा से इच्छापुर तक सड़क बनाये जाने, एवं

(3) सुश्री कुसुम सिंह, सदस्य, भोपाल शहर के टी.टी. नगर क्षेत्र में श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर के लिये भूमि आवंटित कराये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

-2-

| निर्धारित समय | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | **6. वर्ष 2004-2005 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)** | |
| | (1) | मांग संख्या - 13 | कृषि |
| | | मांग संख्या - 17 | सहकारिता |
| | | मांग संख्या - 52 | कृषि विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं |
| | | मांग संख्या - 54 | कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा. |
| 3 घण्टे | (2) | मांग संख्या - 24 | लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल |
| | | मांग संख्या - 28 | राज्य विधान मंडल |
| | | मांग संख्या - 35 | पुनर्वास |
| | | मांग संख्या - 42 | आदिवासी क्षेत्र उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल |
| | | मांग संख्या - 51 | धार्मिक न्यास और धर्मस्व |
| | | मांग संख्या - 67 | लोक निर्माण कार्य-भवन |
| | | मांग संख्या - 76 | लोक निर्माण कार्य से संबंधित नाबार्ड एवं विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं |
| | | मांग संख्या - 94 | सिंहस्थ मेला, 2004 से संबंधित व्यय. |
| 2 घण्टे 30 मि. | (3) | मांग संख्या - 44 | उच्च शिक्षा |
| | | मांग संख्या - 47 | तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण |
| | | मांग संख्या - 87 | तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं. |
| 3 घण्टे | (4) | मांग संख्या - 30 | ग्रामीण विकास |
| | | मांग संख्या - 56 | ग्रामोद्योग |
| | | मांग संख्या - 62 | पंचायत |
| | | मांग संख्या - 68 | ग्यारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अंतर्गत प्रशासन के स्तरों का उन्नयन-पंचायत |
| | | मांग संख्या - 80 | त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता |
| | | मांग संख्या - 82 | आदिवासी क्षेत्र उपयोजना के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता. |
| 2 घण्टे | (5) | मांग संख्या - 5 | जेल |
| | | मांग संख्या - 14 | पशुपालन |
| | | मांग संख्या - 16 | मछली पालन |
| | | मांग संख्या - 50 | बीस सूत्रीय कार्यान्वयन |
| | | मांग संख्या - 86 | ग्यारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अंतर्गत प्रशासन के स्तरों का उन्नयन-जेल. |

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 21 जुलाई, 2004